अमर उजाला
बरेली
सोमवार, 15 दिसंबर 2025
पौष कृष्ण-एकादशी
विक्रम संवत-2082

PAGE NO 6 : MIDDLE

# मुकाबले से पहले यूपी और पश्चिम बंगाल की टीमों ने बहाया पसीना

## शनिवार देर रात शहर आई थी बंगाल की टीम, रविवार को दोनों टीमों ने जमकर किया अभ्यास

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। कूच बिहार ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के बीच होने वाले मुकाबले को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। यह मुकाबला 16 से 19 दिसंबर के बीच भोजीपुरा स्थित एसआरएमएस खेल मैदान पर खेला जाएगा। शनिवार रात पश्चिम बंगाल की टीम भी शहर आ गई। बंगाल की टीम के आगमन पर कोच अनुज शर्मा और नितिन रस्तोगी ने टीम का स्वागत किया। मैच से पहले रविवार को दोनों टीमों ने मैदान पर कड़ा अभ्यास किया और अपनी रणनीति को परखा।

दोपहर 1:30 बजे उत्तर प्रदेश की टीम हेड कोच के नेतृत्व में एसआरएमएस क्रिकेट मैदान पहुंची। पहले चरण में बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने नेट में अभ्यास किया। बल्लेबाजों ने पिच के मिजाज को समझने की कोशिश की। गेंदबाजों ने अपनी लाइन-लेंथ और विविधताओं पर ध्यान दिया।

इसके बाद दोपहर 2:30 बजे पश्चिम बंगाल की टीम मैदान पर उतरी। एक पिच पर यूपी के बल्लेबाज अभ्यास करते नजर आए, वहीं दूसरी पिच पर बंगाल के बल्लेबाजों ने हाथ आजमाया। दोनों टीमों के गेंदबाजों ने भी लंबे स्पेल डाले। यह अभ्यास सत्र पश्चिम बंगाल की टीम के लिए स्थानीय परिस्थितियों को समझने के लिहाज से अहम रहा।



एसआरएमएस खेल मैदान पर अभ्यास करतीं यूपी और बंगाल की टीमें। स्रोत : आयोजक

**आज भी होंगे अभ्यास सत्र :** मैच से पहले दोनों टीमों के लिए सोमवार को भी अभ्यास सत्र तय किया गया है। यूपी की टीम सुबह 9:30 बजे से अभ्यास करेगी, जबकि पश्चिम बंगाल की टीम सुबह 11:30 बजे मैदान पर उतरेगी।